प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह रांची के एक दिवसीय दौरे पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने सबसे पहले बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे अभी प्रभात तारा मैदान में राज्य की विस्तारित भाजपा कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई सांसद–विधायक और अन्य वरीय नेता मौजूद हैं। इसके बाद वे प्रदेश कार्यालय में पार्टी के राज्य कोर ग्रुप की बैठक में भी शामिल होंगे। यहां वे हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रदेश स्तरीय नेताओं से संवाद करेंगे।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन विश्वप्रसिद्ध श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर देवघर में अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में मुख्यमंत्री मेले के दौरान विधि–व्यवस्था, साफ–सफाई, चिकित्सीय सुविधा, बिजली–पानी की सुविधा, कांवरिया पथ औऱ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के प्रवेश समेत अन्य जरुरी व्यवस्थाओं की जानकारी ले रहे हैं। इससे पहले देवघर आगमन पर मुख्यमंत्री ने बाबा मंदिर में पूजा–अर्चना की। बाइस जुलाई से शुरू होने वाले श्रावणी मेले का कल उद्घाटन होगा।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी–एनटीए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी का केन्द्र–वार परिणाम अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। एनटीए ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद परिणाम वेबसाइट पर डाले हैं। इससे पहले न्यायालय ने एनटीए को उम्मीदवारों की पहचान की मास्किंग कर शहर–वार और केन्द्र–वार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया था।

****

केन्द्र सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी विपक्षी दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी। बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होकर अगले महीने की 12 तारीख तक चलेगा।

****

राज्य के एक हजार इकतालीस विद्यालयों में मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षण कार्यक्रम–पलाश की शुरूआत सत्र 2024–25 से होगी। इसके तहत लातेहार, सिमडेगा,

लोहरदगा, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी और साहिबगंज जिले में स्थित इन विद्यालयों में संताली, मुंडारी, हो, कुडुख और खड़िया जनजातीय भाषा की पढ़ाई होगी।

****

22 जुलाई से शुरु हो रहे विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले के मद्देनजर रांची से भागलपुर के लिए कल से स्पेशल ट्रेन चलेगी। यह ट्रेन रांची से सप्ताह में दो दिन रविवार और मंगलवार को चलेगी जबकि भागलपुर से सोमवार और बुधवार को रांची के लिए प्रस्थान करेगी।

****

देवघर जिले में आठ जुलाई से आयोजित विशेष शिविर का आज समापन हो रहा है। जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि इस शिविर में भू लगान से संबंधित लगभग बारह सौ मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि एक हजार दो सौ स ज्यादा जाति , छह सौ अस्सी आवासीय और नौ सौ तैंतालीस आय प्रमाण पत्र जारी किए गए।

****

पलामू जिले में टीबी के मरीजों को अब पहली किस्त के रुप में एक हजार पांच सौ रुपए डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में डाले जाएंगे।

****

पाकुड़ जिले के सदर प्रखंड में प्री–फेब्रिकेटेड मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का सांसद विजय हांसदा ने आज उद्घाटन किया। सांसद ने कहा कि निजी प्ले स्कूलों की तरह यहां भी बच्चों के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस मौके पर बच्चों के बीच पोशाक और स्कूल बैग का भी वितरण किया गया। गौरतलब है कि जिले में दो सौ तेरह आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री–फेब्रिकेटेड मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के रुप में विकसित किया जाना है।

******समाप्त******